“सड़क सुरक्षा जागरुकता प्रश्नोत्तरी परीक्षा” का आयोजन

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में दिनाँक 06–11–2015 को पुलिस कमिश्नरेट, फरीदाबाद के निर्देशानुसार “सड़क सुरक्षा जागरुकता प्रश्नोत्तरी परीक्षा” का आयोजन किया गया. जिसमें महाविद्यालय के तीनों संभागों के 1915 विद्यार्थियों ने भाग लिया. यह परीक्षा पूरे जिले भर में महाविद्यालय व स्कूल स्तर पर आयोजित की जा रही है. जिसमें हर शिक्षण संस्थान से श्रेष्ठ तीन विद्यार्थियों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लेने का मौका मिलेगा. यह प्रतियोगिता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता, रोड़ सेफ्टी क्लब के संयोजक डॉ० जयपाल सिंह, डॉ० उषा चौधरी, डॉ० विनोद राठी, श्री संदीप चौधरी और रोड़ सेफ्टी के सदस्य सरदार देवेन्द्र सिंह की देखरेख में आयोजित की गई.